# हरियाणा पुलिस के 4 अधिकारी केंद्रीय गृह मंत्री पदक के लिये चयनित

## चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2022 को हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस के चार कर्मियों को वर्ष 2022 में अपराध से जुड़े मामलों की जाँच में उच्च पेशेवर मानकों को बनाए रखते हुए 'जाँच में उत्कृष्टता' के लिये 'केंद्रीय गृह मंत्री पदक' हेतु चुना गया है।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री पदक 2022 के लिये घोषित 151 पुलिसकर्मियों की सूची में 28 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इन पुरस्कारों को प्राप्त करने वाले कर्मियों में सीबीआई के 15, महाराष्ट्र पुलिस के 11, मध्य प्रदेश पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस के 10-10, केरल पुलिस, राजस्थान पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस के आठ-आठ कर्मचारी तथा शेष अन्य राज्यों के हैं।
- प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित होने वाले देश भर के 151 पुलिसकर्मियों में हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर बसंत कुमार, महिला सब-इंस्पेक्टर सुमन देवी, सब-इंस्पेक्टर योगेश कुमार और हेड कॉन्स्टेबल गोपाल चंद शामिल हैं।
- हरियाणा के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जाँच में उत्कृष्टता के लिये चयनित हरियाणा पुलिस के चारों कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिष्ठित पदक से अलंकृत पुलिस अधिकारियों द्वारा जाँच के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देते हुए साइंटिफिक इन्वेस्टीगेशन के माध्यम से वारदातों को सुलझाया गया।
- उल्लेखनीय है कि अपराध की जाँच में उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने और जाँच अधिकारियों द्वारा जाँच में इस तरह की उत्कृष्टता को मान्यता देने के उद्देश्य से केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 2018 में इस पदक की स्थापना की गई थी।
- इसके तहत किसी भी अपराध की जाँच में उच्च मानकों को स्थापित करके पेशेवर रवैये को बढ़ाने, ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा व काम से असाधारण साहस का परिचय देने वाले पुलिसकर्मियों को यह मेडल दिया जाता है।
- 2018 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिये पाँच पुलिस पदक शुरू किये थे। इसमें विशेष संचालन पदक, पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक, असाधारण कुशलता पदक, उत्कृष्ट एवं अति उत्कृष्ट सेवा पदक और जाँच में उत्कृष्टता पदक शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/four-officers-of-haryana-police-selected-for-union-home-minister-s-medal